प्रेषक,

किशलय सिंह
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–7 **लखनऊ : दिनांक : 27 फरवरी, 2024**

विषय : नोएडा सेक्टर–142 स्टेशन से बोटेनिकल गार्डेन तक मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा नोएडा सेक्टर–142 स्टेशन से बोटेनिकल गार्डेन तक 11.56 किमी. लम्बाई के एक्वा लाईन मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित विस्तार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि प्रस्तुत डी.पी. आर. के अनुसार एक्वा लाइन के विस्तारित परियोजना में मेट्रो कॉरिडोर की कुल लम्बाई 11.56 किमी. एवं 08 नये एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित है, जो निम्नवत है :–

क्र.सं.	स्टेशन का नाम	स्टेशन के मध्य दूरी (किमी.)
1	बोटेनिकल गार्डन	प्रारम्भ
2	नोएडा सेक्टर–44	1.347
3	नोएडा कार्यालय	1.05
4	नोएडा सेक्टर–97	1.734
5	नोएडा सेक्टर–105	1.157
6	नोएडा सेक्टर–108	1.166
7	नोएडा सेक्टर–93	1.324
8.	पंचशील बालक इण्टर कालेज	1.315
अंतिम	नोएडा सेक्टर–142 (निर्मित एवं संचालित)	2.198

साथ ही उक्त मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित विस्तार के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अभिमत उपलब्ध कराये जाने की भी अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में नोएडा सेक्टर–142 स्टेशन से बोटेनिकल गार्डेन तक 11.56 किमी. लम्बाई के एक्वा लाईन मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित विस्तार के सम्बन्ध में अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित सुस्पष्ट आख्या यथाशीघ्र शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by किशलय सिंह
Date: 27-02-2024 11:24:02
Reason: Approved

(किशलय सिंह)
अनु सचिव